**Pre-Degree Examination 2017**
**Hindi (Core)**

**Time : 3 Hours** **Full Marks : 80**

Questions are of value as indicated in the margin

## खण्ड - 'क'

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें –** 1×33=33

1. 'अप' उपसर्ग किस अर्थ में प्रयुक्त होता है ?
2. 'अधिनायक' शब्द से उपसर्ग और शब्द अलग करके लिखें।
3. 'जन' शब्द में पठित उपसर्ग के उपयोग द्वारा एक नवीन शब्द बनायें।
4. 'प्रति' उपसर्ग के उपयोग से एक नया शब्द बनायें।
5. 'पथराव' शब्द से प्रत्यय और शब्द पृथक् कर लिखें।
6. धातु में लगनेबाले प्रत्यय को क्या कहते हैं ?
7. 'चतुर' शब्द में पठित प्रत्यय के उपयोग द्वारा एक नवीन शब्द बनायें।
8. 'आवट' प्रत्यय के उपयोग से एक कृदन्त शब्द बनायें।
9. पठित प्रत्यय से एक तद्धितान्त शब्द बनायें।
10. 'मथानी' शब्द से प्रत्यय और शब्द पृथक् करें।
11. ऐसे एक समास का नाम उदाहरण के साथ लिखें जिसके दोनों पद प्रधान होते हैं।
12. 'घुड़सवार' समस्तपद का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखें।
13. 'शक्ति के अनुसार' का समस्तपद लिखकर समास का नाम लिखें।
14. 'चन्द्रमुखी' में कौन सा समास है ?
15. 'पीताम्बर' का विग्रह कीजिए।
16. द्विगु समास का एक उदाहरण विग्रह के साथ लिखें।
17. 'चरण चोंच लोचन रंग्यो'– किसके लिए कहा गया है ?
18. 'पवन दूतिका' के कवि कौन हैं ?
19. 'विनय' के रचयिता का नाम लिखें।
20. 'हृदय तुम्हारा दुर्बल होता भग्न'– किस कविता की पंक्ति है ?
21. 'बैटी खिन्ना यक दिवस वे गेह में थीं अकेली' 'वे' किसके लिए कहा गया है ?
22. 'विशाख' नाटक में कितने अंक हैं ?
23. "मुझे कमी तो किसी बात की नहीं फिर भी उद्योग हीन मनुष्य शिथिल हो जाता है।"– वक्ता तथा श्रोता के नाम लिखें।
24. 'प्रेमानन्द' कौन है ?

P.T.O.

25. "डंडा तो मेरे पास भी है पर काम गले से लेना चाहिए"– वक्ता का नाम लिखें।
26. सत्यशील कौन है ?
27. चन्द्रलेखा की बुआ का नाम लिखें।
28. 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा लिखित निबंध का नाम लिखें।
29. 'यही तिवहार तुम्हारी म्युनिसिपालिटी है"– किस पाठ की पंक्ति है ?
30. "भावना के काँटे होते तो उसे पता चलता कि वह नागफणी को कलेजे से चिपटाए है" यह कथन कहाँ से लिया गया है ?
31. 'दुःख से मेरी बहुत बनती है दादा"–इस कथन के वक्ता का नाम लिखें।
32. 'नशा' कहानी के कहानीकार का नाम लिखिए।
33. 'निन्दा रस' निबन्ध किसने लिखा है ?

## खण्ड - 'ख'

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** 2×16=32

1. 'कान' शब्द के उपयोग से एक मुहावरा बनायें और उसका सटीक वाक्य में प्रयोग करें।
2. 'लोहा मानना' मुहावरे का अर्थ लिखें और वाक्य में प्रयुक्त करें।
3. चोर बड़ी चालाकी से पुलिस की —— भाग गया। रिक्त स्थान में उचित मुहावरे का प्रयोग करें।
4. 'एक पंथ दो काज' लोकोक्ति का वाक्य में प्रयोग कीजिए।
5. 'ऊँट के मुँह में जीरा' का क्या अर्थ है ? वाक्य प्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए।
6. दो दिनों की छुट्टी-हेतु अपने प्रधानाचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए- प्रथम भाग।
7. उक्त आवेदन-पत्र का मध्य नाम लिखिए।
8. उक्त आवेदन-पत्र का समापन भाग लिखिए।
9. 'विनय' के प्रथम पद का मूल भाव लिखिए।
10. 'अरूण यह मधुमय देश हमारा' किस भाव की कविता है ?
11. विशाल नरदेव की सभा में किसके साथ गया और उसका क्या परिणाम निकला ?
12. विशाल चन्द्रलेखा की सहायता क्यों करता चाहता था ?
13. सुश्रवा कौन है? उसका किसके साथ झगड़ा हुआ ?
14. महापिंगल की हत्या किसने और क्यों की ?
15. लेखक ने इंगलैण्ड की उन्नति का क्या कारण बताया है ?
16. ईश्वरी की चारित्रिक विशेषताओं का अति संक्षिप्त परिचय दीजिए।

**खण्ड - 'ग'**

**(ग) सभी प्रश्नों के उत्तर दें** – 3×5=15

1. "तुलसी पावस के समय धरी कोकिलन मौन।
   अब तौ दादुर बोलिहैं, हमें पूछिहैं कौन।"
   उक्त दोहे की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।
2. दोहावली में कवि ने राजा की तुलना किससे और क्यों की है ?
3. "बड़ी लकीर को मिटा कर छोटी लकीर बड़ी बनती है।" इस कथन की संक्षिप्त व्याख्या संदर्भ के साथ कीजिए।
4. लेखक ने निन्दक के कितने प्रकार बताए हैं ?
5. विशाख अथवा चन्द्रलेखा का चरित्र-चित्रण कीजिए।